2129. निम्नलिखित में से किस शहर में सवाई जयसिंह II ने वेधशाला का निर्माण नहीं करवाया था-

(a) दिल्ली (b) जयपुर
(c) उज्जैन (d) आगरा

कृषि पर्यवेक्षक -2021

Ans. (d) सवाई जयसिंह-द्वितीय ने दिल्ली, जयपुर, उज्जैन, मथुरा, और बनारस में पाँच वेधशालाओं (जन्तर-मन्तर) का निर्माण करवाया, जो ग्रह-नक्षत्रादि की गति को सही तौर से जानने के लिए बनवाई गयी थी।

2130. निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सत्य है?

(a) केंद्रीय ऊँट प्रजनन एवं अनुसंधान संस्थान बीकानेर में स्थित है।
(b) केंद्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र बारां में स्थित है।
(c) केन्द्रीय गोधन प्रजनन केन्द्र चित्तौड़गढ़ में स्थित है।
(d) केंद्रीय भेड़ प्रजनन केन्द्र चुरू में स्थित है।

कनिष्ठ अनुदेशक (मैकेनिक डीजल इंजन)-2018

Ans. (a) सही कथन है-
- केन्द्रीय ऊँट प्रजनन एवं अनुसंधान संस्थान- बीकानेर
- केन्द्रीय अश्व अनुसंधान केन्द्र - बीकानेर
- केन्द्रीय भेड़ प्रजनन केन्द्र - अविकानगर (टोंक)
- केन्द्रीय गोधन प्रजनन केन्द्र - सूरतगढ़

2131. कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर कौन से कृषि जलवायु प्रदेश में स्थित है?

(a) अन्तःस्थलीय जलोत्सरण का क्षेत्र
(b) शुष्क पश्चिमी मैदान
(c) सिंचित उत्तर-पश्चिमी मैदान
(d) लूनी बेसिन का अन्तर्वर्ती मैदान

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-23.12.2019

Ans. (b) कृषि अनुसंधान केन्द्र, मण्डोर "शुष्क पश्चिमी मैदान" कृषि जलवायु प्रदेश में स्थित है। इसकी स्थापना वर्ष 1983 में राजस्थान के जोधपुर जिले में की गई थी।

2132. राजस्थान के किस संस्थान में इसरो (स्पेस) अहमदाबाद ने17जून,2016 को 'मरुस्थलीकरण एवं भूमिक्षरण एटलस' का विमोचन किया है?

(a) CAZRI (b) AFRI
(c) NatMO (d) DSTRaj.

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) राजस्थान के शुष्क क्षेत्र वन अनसुधान संस्थान (AFRI) में 17 जून 2016 को भारत के मरूस्थालीकरण और भूमि क्षरण एटलस जारी किया गया था। इसे अहमदाबाद स्थित स्पेस एप्लीकेशन सेंटर इसरो ने प्रकाशित किया था।

2133. पशु अनुसंधान केन्द्र, कोड़मदेसर स्थित है-

(a) जयपुर में (b) जैसलमेर में
(c) बीकानेर में (d) टोंक में

कनिष्ठ अनुदेशक भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (b) पशु अनुसंधान केन्द्र कोड़मदेसर बीकानेर में स्थित है। राजस्थान पशु चिकित्सा और पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर की स्थापना 13 मई 2010 को की गई है।

2134. 'राष्ट्रीय शुष्क बागवानी अनुसंधान संस्थान' निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?

(a) जोधपुर (b) जैसलमेर
(c) बाड़मेर (d) बीकानेर

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (रसायन) भर्ती परीक्षा-2019

Ans. (d) राष्ट्रीय शुष्क बागवानी अनुसंधान संस्थान की स्थापना सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान की गई थी। स्थापना के आरम्भ में यह संस्थान हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में स्थापित किया गया था। 1993 में इसे बीकानेर स्थानान्तरित कर दिया गया। 27 सितम्बर 2000 से इसका नाम केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान कर दिया गया है।

2135. इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन एवं वॉयरोलॉजी कहाँ स्थापित किया जा रहा है?

(a) जोधपुर (b) उदयपुर
(c) जयपुर (d) अलवर

VDO-2021 (Exam Date. 28.12.21) Shift-IV

Ans. (c) मार्च, 2021 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान के जयपुर में इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसिन एण्ड वॉयरोलॉजी की स्थापना की घोषणा की।

2136. निम्नलिखित में से कौनसा (अनुसंधान संस्थान-अवस्थिति) सुमेलित नहीं है?

(a) राष्ट्रीय सरसो अनुसंधान केन्द्र -सेवर
(b) केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान-जोधपुर
(c) राष्ट्रीय शुष्क क्षेत्र उद्यानिकी अनुसंधान केन्द्र-बीछपाल
(d) राष्ट्रीय बीज मसाला अनुसंधान केन्द्र-तिजारा

VDO-2021 Exam Date 28.12.21 Shift-III

Ans. (d) राष्ट्रीय बीज मसाला अनुसंधान केन्द्र तबीजी (अजमेर) में स्थित है। दिये गये अन्य विकल्प सही सुमेलित है।

2137.राजस्थान में पोथीघर अध्ययन केन्द्र किस देश की सहायता से खोले जायेंगे?

(a) जापान (b) संयुक्त राज्य अमेरिका
(c) जर्मनी (d) नार्वे

उत्तर - (a)

RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या— जापान की सहायता में राजस्थान में बालिकाओं के अध्ययन हेतु राजस्थान में विभिन्न स्थानों पर **'पोथीघर'** अध्ययन केन्द्र स्थापित किए जायेंगे, जिसे 'पोथीघर' कहा जाता है।

2138. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा राजस्थान में राष्ट्रीय स्तर के अनुसंधान केंद्र स्थापित किये गये हैं –

(a) आमेर (जयपुर) व बीछवाल (बीकानेर)
(b) बस्सी (चित्तौड़गढ़) व माँगरोल (बाराँ
(c) दुर्गापुरा (जयपुर) व शाहपुरा (भीलवाड़ा)
(d) तबीजी (अजमेर) व सेवर (भरतपुर)

उत्तर – (d)

RPSC RAS/RTS 2013

व्याख्या – भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा राजस्थान में राष्ट्रीय स्तर के अनुसंधान केंद्र तबीजी (अजमेर) व सेवर (भरतपुर) में स्थापित किये गये हैं।